**Please check the examination details below before entering your candidate information**

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2024-25

**कक्षा 7**

कुल प्रश्न : 50 + 5 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 60

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. इस प्रश्न-पत्र को दो खण्डों में बाँटा गया है–**सेक्शन 'A'** और **सेक्शन 'B'**। सेक्शन A में 40 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा सेक्शन B में 10 प्रश्न हैं, जो उच्च चिंतन कौशल पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेन्सिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।

   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेन्सिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #178

HI7

BLOOM CAP
Founded by arihant

## सेक्शन 'A' (1 अंक)

**1.** भारतवर्ष में हिन्दी को किस वर्ग में रखा जाएगा?
(a) राजभाषा (b) क्षेत्रीय भाषा
(c) विभाषा (d) तकनीकी भाषा

**2.** 'हिन्दी' किस भाषा परिवार से सम्बन्धित है?
(a) इण्डो–यूरोपियन (b) द्रविड़ियन
(c) तिब्बती–बर्मा (d) चीनी–तिब्बती

**3.** निम्न में से कौन ऊष्म व्यंजन नहीं है?
(a) श (b) ष
(c) ह (d) व

**4.** निम्न में कौन-सा द्वित्व व्यजंन वाला शब्द नहीं है?
(a) सम्मान (b) मक्का
(c) ज्ञानी (d) खट्टा

**5.** औलाद किस भाषा का शब्द है?
(a) फारसी (b) अरबी
(c) उर्दू (d) जापानी

**6.** प्रयोग के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?
(a) दो (b) चार
(c) पाँच (d) तीन

**7.** 'मोहन <u>गम्भीर</u> लड़का है।' प्रस्तुत वाक्य में रेखांकित शब्द में संज्ञा का कौन-सा रूप है?
(a) जातिवाचक (b) समुदायवाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) भाववाचक

**8.** 'जैसी करनी वैसी भरनी' वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा रूप है?
(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) प्रश्नवाचक

**9.** 'सीता, मोहन से अपना गृह कार्य करवाती है' वाक्य में कौन-सी क्रिया का प्रयोग हुआ है?
(a) सकर्मक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) नामधातु क्रिया (d) प्रेरणार्थक क्रिया

**10.** 'वह पेन्सिल उठाओ' वाक्य में विशेषण है
(a) गुणवाचक विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) अनिश्चयवाचक विशेषण (d) निश्चयवाचक विशेषण

**11.** 'मोहन घूम रहा है' रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताइए।
(a) मिश्र वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) आज्ञावाचक वाक्य

**12.** बच्चे खेल रहे हैं, वाक्य में विधेय है
(a) बच्चे (b) रहे हैं
(c) खेल (d) खेल रहे हैं

**13.** युधिष्ठिर में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष समास (b) कर्मधारय समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) अव्ययीभाव समास

**14.** निम्न में कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?
(a) इच्छा (b) आयु
(c) मेहनत (d) राष्ट्र

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बहुवचन है?
(a) विद्या (b) विद्याएँ
(c) विद्यान (d) विद्यों

**16.** जिस रूप से क्रिया के होने के समय का बोध हो, उसे क्या कहते हैं?
(a) वर्तमान काल (b) काल
(c) भूत काल (d) भविष्यत काल

**17.** 'मनुष्य प्रकृति का संतुलन बिगाड़ रहा है।' इस वाक्य में कौन-सा काल है?
(a) अपूर्ण वर्तमान काल (b) पूर्ण भूत काल
(c) अपूर्ण भविष्यत काल (d) अपूर्ण भूत काल

**18.** लम्बोदर में कौन-सा समास है?
(a) कर्मधारय समास (b) तत्पुरुष समास
(c) द्विगु समास (d) बहुव्रीहि समास

**19.** राजकुमारी में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष समास (b) द्विगु समास
(c) द्वन्द्व समास (d) कर्मधारय समास

**20.** गिरीश शब्द का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?
(a) गि + रईस
(b) गिर + ईश
(c) गिरि + ईश
(d) गि + ईश

**21.** अँधेर नगरी किस लेखक का नाटक है?
(a) रामधारी सिंह दिनकर (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) महादेवी वर्मा

**22.** 'अग्नि' के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यायवाची सही है?
(a) पावक (b) जल
(c) वायु (c) आकाश

**23.** जिसका अंत न हो, उसे...... कहा जाता है।
(a) अनन्त (b) अनश्वर
(c) अजेय (d) अमूल्य

**24.** 'रैन' शब्द का अर्थ है
(a) दिन (b) सवेरा
(c) रात्रि (d) ऊष्मा काल

**25.** वाच्य का प्रभाव किस पर पड़ता है?
(a) कर्ता पर (b) कर्म पर (c) भाव पर (d) क्रिया पर

**26.** निम्न में से तत्सम शब्द कौन-सा है?
(a) आँख (b) अच्छि
(c) अक्षी (d) अक्षि

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 27-28) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए

जीवन में अध्ययन, चिन्तन-मनन के साथ-साथ खेलों की भी अत्यधिक आवश्यकता है। प्रतिदिन की दिनचर्या में कुछ समय खेलों के लिए निकालने वाले विद्यार्थी न केवल तन से अपितु मन से भी अधिक स्वस्थ रहते हैं। खेल, खिलाड़ी में खेल भावना का संचार करते हैं और जीवन की विभिन्न चुनौतियों का डटकर सामना करने की प्रेरणा देते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। रोगी व्यक्ति सदा उदास और चिड़चिड़ा रहता है। उसका किसी काम में मन नहीं लगता।

स्वस्थ शरीर के लिए खेल-कूद बहुत महत्त्वपूर्ण है। खेल कई प्रकार के होते हैं– देशी-विदेशी खेल, घर के अन्दर या बाहर खेले जाने वाले खेल आदि। खेल-कूद मनोरंजन का अच्छा साधन है। एक खिलाड़ी अपनी रुचि और शारीरिक क्षमता को ध्यान में रखकर अपना मनपसन्द खेल चुनता है और निरन्तर अभ्यास द्वारा उसमें निखार लाता है।

**27.** निम्न में से कौन-सा खेल देशी खेल है?
(a) कबड्डी (b) क्रिकेट
(c) हॉकी (d) ये सभी

**28.** खेल खेलने से विद्यार्थी के अंदर क्या परिवर्तन होता है?
(a) आत्मविश्वास में वृद्धि होती है
(b) साहस और बल में वृद्धि होती है
(c) शरीर हृष्ट-पुष्ट होता है
(d) उपरोक्त सभी

**29.** 'सागर' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?
(a) गिरि (b) सिन्धु
(c) धरा (d) वायु

**30.** 'वह दुष्ट व्यक्ति है।' वाक्य में कौन-सा विशेषण है?
(a) गुणवाचक विशेषण (b) संकेतवाचक विशेषण
(c) परिमाणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

**31.** निम्नलिखित में से 'वाक्य' की सही परिभाषा प्रस्तुत करता है
(a) केवल दो शब्दों का समूह
(b) पूर्ण विचार व्यक्त करने वाला शब्द समूह
(c) किसी भी दो शब्दों का संयोजन
(d) एक अनुच्छेद का हिस्सा

**32.** संज्ञा और सर्वनाम में क्या अन्तर है?
(a) संज्ञा नाम है और सर्वनाम विशेषण
(b) संज्ञा नाम है और संज्ञा के स्थान पर सर्वनाम प्रयोग होता है
(c) संज्ञा और सर्वनाम समानार्थक होते हैं
(d) संज्ञा क्रिया का रूप है न कि सर्वनाम का

**33.** 'मुझसे खाया नहीं जाता' में कौन-सा वाच्य है?
(a) कर्त्तवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) विधिवाच्य

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'विशेषण' का सही उदाहरण है?
(a) सुन्दर लड़की खड़ी है।
(b) बच्चा खेल रहा है।
(c) लड़का भाग रहा है।
(d) पुस्तक रखी है।

**35.** 'इन्द्र' का पर्यायवाची शब्द क्या होगा?

(a) शंकर (b) वासव
(c) कमल (d) विष्णु

**36.** 'इ' + 'उ' के मेल से कौन-सी सन्धि बनती है?

(a) गुण सन्धि (b) दीर्घ सन्धि
(c) यण् सन्धि (d) विसर्ग सन्धि

**37.** नीरद किसका पर्यायवाची शब्द है?

(a) जल (b) वर्षा
(c) समुद्र (d) बादल

**38.** अल्पज्ञ का विलोम शब्द क्या होगा?

(a) बहुज्ञ (b) अज्ञ
(c) सर्वज्ञ (d) भिज्ञ

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा समास 'बहुव्रीहि समास' का उदाहरण है?

(a) चतुर्मुख (b) हस्तिनापुर
(c) देवदास (d) जलपान

**40.** कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय।
वा खाए बौराय जग, या पाए बौराय।।
प्रस्तुत दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(a) उपमा अलंकार (b) अनुप्रास अलंकार
(c) रूपक अलंकार (d) यमक अलंकार

## सेक्शन 'B' (2 अंक)

**41.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | अपने मुँह मियाँ | 1. | स्वयं को हानि पहुँचाना |
| B. | एक अनार सौ बीमार | 2. | एकमात्र सहारा |
| C. | अन्धे की लाठी होना | 3. | वस्तु कम और माँग अधिक |
| D. | अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना | 4. | स्वयं की प्रशंसा स्वयं करना |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 | (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 | (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**42.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | पंच परमेश्वर | 1. | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| B. | झाँसी की रानी की समाधि | 2. | प्रेमचन्द |
| C. | सूरज का सातवाँ घोड़ा | 3. | जयशंकर प्रसाद |
| D. | इन्द्रजाल | 4. | धर्मवीर भारती |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**43.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | पंचानन | 1. | तत्पुरुष समास |
| B. | मूर्तिकार | 2. | द्विगु समास |
| C. | नवरात्र | 3. | बहुव्रीहि समास |
| D. | यथासम्भव | 4. | अव्ययीभाव समास |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 | (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 | (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**44.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | बिजली चमक रही है। | 1. | मिश्रित वाक्य |
| B. | उसने बहुत परिश्रम किया, परन्तु सफलता नहीं मिली। | 2. | साधारण वाक्य |
| C. | मेरा विश्वास है कि भारत जीतेगा। | 3. | वाक्य |
| D. | शब्दों के सार्थक समूह को कहते हैं। | 4. | संयुक्त वाक्य |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 | (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**45.** 'वर्ण' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. हिन्दी वर्णमाला में केवल स्वर होते हैं।
2. हिन्दी वर्णमाला में केवल व्यंजन होते हैं।
3. हिन्दी वर्णमाला में स्वर और व्यंजन दोनों होते हैं।
4. हिन्दी वर्णमाला में स्वर, व्यंजन और भाषा होते हैं।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) ये सभी

**46.** 'लिंग' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. हिन्दी में केवल पुल्लिंग होते हैं।
2. हिन्दी में केवल स्त्रीलिंग होते हैं।

3. हिन्दी में पुल्लिंग और स्त्रीलिंग दोनों होते हैं।
4. हिन्दी में लिंग का कोई महत्त्व नहीं होता है।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 2 और 4

**47.** **कथन** 1 गोदान प्रेमचन्द का उपन्यास है।
**कथन** 2 प्रेमचन्द की सम्पूर्ण कहानियाँ मानसरोवर में संकलित हैं।

**कूट**

(a) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
(b) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।
(c) कथन 1 सही है, किन्तु कथन 2 गलत है।
(d) कथन 1 गलत है, किन्तु कथन 2 सही है।

**48.** **कथन** (A) हिन्दी भाषा की लिपि देवनागरी में शिरोरेखा का प्रयोग किया जाता है।
**कारण** (R) देवनागरी में शिरोरेखा के कारण समय कम लगता है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**49.** **कथन** (A) संस्कृत में जो धातु है हिन्दी में वही क्रिया है।
**कारण** (R) संस्कृत में भू धातु है, जबकि हिन्दी में वह संज्ञा है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**50.** **कथन** (A) हिन्दी में दो वचन होते हैं।
**कारण** (R) राम और श्याम खाना खाते हैं, में बहुवचन है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** **कथन** (A) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।

**कारण** (R) ब्रजमोहन शब्द संज्ञा है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**2.** 'पुष्प की अभिलाषा' कविता किसके द्वारा रचित है?

(a) रामधारी सिंह दिनकर (b) माखनलाल चतुर्वेदी
(c) भवानी प्रसाद मिश्र (d) हरिवंशराय बच्चन

**3.** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है

(a) उज्जवल (b) उज्ज्वल
(c) उजज्वल (d) ऊज्जवल

**4.** हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग।
लंका सिगरी जल गई, गए निशाचर भाग।।
प्रस्तुत काव्यांश में कौन-सा अलंकार है?

(a) अतिशयोक्ति अलंकार
(b) यमक अलंकार
(c) वक्रोक्ति अलंकार
(d) श्लेष अलंकार

**5.** निम्न पर्यायवाची शब्दों का मिलान कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | नारी | 1. | पानी |
| B. | कपड़ा | 2. | ऋतुराज |
| C. | नीर | 3. | रमणी |
| D. | वसन्त | 4. | चीर |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |